स. क्र. . . . .

# मध्यप्रदेश शासन

## कार्यालय नियंत्रक
## शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
## मध्यप्रदेश, भोपाल

# टेक्नीकल एवं कॉमर्शियल
# निविदा प्रपत्र

**भाग-क (Technical Tender)**
**एवं**
**भाग-ख (Commercial Tender)**

## ( वर्ष 2019 की शासकीय डायरी के मुद्रण की निविदा )

# 2018-2019

निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि—दिनांक 22 दिसम्बर, 2018 अपरान्ह 1.00 बजे तक.

मूल्य : रुपये 5,000/-

# कार्यालय, नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश, भोपाल

## निविदा सूचना

क्रमांक जी. बी. चार/पेपर (के-11) 2018-19/2829 भोपाल, दिनांक 1-12-2018

वर्ष 2019 की मध्यप्रदेश शासन की डायरी के मुद्रण हेतु राष्ट्रीय स्तर के ऐसे मुद्रकों एवं डायरी निर्माताओं से जिन्हें डायरी बनाने का मुद्रण सहित पर्याप्त अनुभव हो एवं वार्षिक टर्न ओवर 20 करोड़ रु. हो एवं एक करोड़ चालीस लाख रुपये की डायरी बनाने का एक आर्डर अवश्य प्राप्त किया हो, से मुहरबंद निविदाएं दोहरा लिफाफा पद्धति (तकनीकी निविदा एवं कमर्शियल निविदा) के अन्तर्गत आमंत्रित की जाती है। तैयार की जाने वाली सामग्री की अनुमानित मात्रा निम्नानुसार है :—

1. डायरी 1,39,000 (एक लाख उन्चालीस हजार नग)

मुहरबंद लिफाफे के ऊपर **''वर्ष 2019 की शासकीय डायरी की निविदा''** लिखा जावे। उक्त सामग्री का प्रदाय भोपाल, ग्वालियर, इन्दौर एवं रीवा स्थित शासकीय मुद्रणालय/लेखन सामग्री भण्डार को करना होगा।

2. इसे मध्यप्रदेश शासन के वेबसाईट www.govtpress.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। टेण्डर की हार्ड कापी सेल आप्शन से प्राप्त की जा सकती है और टेण्डर जमा करते समय रुपये 5,000/- का डी.डी. जो नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म.प्र. भोपाल के नाम देय हो, संलग्न करना अनिवार्य है। वेबसाईट से डाउनलोड किया गया टेण्डर फार्म दिनांक **22 दिसम्बर 2018 को अपरान्ह 1.00 बजे** तक ही कार्यालय में प्राप्त किया जावेगा। डाउनलोड किये गये टेण्डर के साथ रु. 5,000/-की डी.डी. संलग्न न किये जाने पर टेण्डर अमान्य कर दिया जावेगा।

3. क्रय किये जाने वाली डायरी के विवरण अनुमानित आवश्यकता, एवं शर्तों की जानकारी निविदा प्रपत्र में दी गई है। निविदा प्रपत्र इस कार्यालय में उपस्थित होकर रुपये 5,000/- (रुपये पाँच हजार केवल) नगद भुगतान कर कार्यालयीन समय में दिनांक 21 दिसम्बर 2018 को अपराह्न 4.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं।

4. डायरी के तीन नमूनों के साथ टेक्नीकल टेण्डर 'क' अलग लिफाफे में तथा कमर्शियल टेण्डर 'ख' अलग लिफाफे में निविदा के साथ इस कार्यालय में दिनांक **22 दिसम्बर, 2018** को कार्यालयीन समय में अपराह्न 1.00 बजे तक प्रस्तुत की जाना होगी। निविदा का **टेक्निकल टेण्डर भाग ''क'' (Technical Tender)** दिनांक 22 दिसम्बर, 2018 को अपराह्न 3.00 बजे स्वेच्छा से उपस्थित निविदाकारों/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। निर्धारित समय अवधि के पश्चात् प्राप्त निविदा को विचार में नहीं लिया जावेगा। टेक्निकल टेण्डर में सफल निविदाकारों/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष **कमर्शियल टेण्डर भाग ''ख'' (Commercial Tender)** खोला जावेगा।

5. समस्त या किसी एक निविदा/निविदाओं को स्वीकार करने अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म. प्र., भोपाल के पास सुरक्षित रहेगा।

**( अरुण कुमार तोमर )**
नियंत्रक
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
मध्यप्रदेश, भोपाल।

# वर्ष 2019 की डायरी के मुद्रण, बाईंडिंग, फिनिशिंग एवं पैकिंग कार्य हेतु निविदा शर्तें

1. निविदा के लिफाफे के ऊपर स्पष्ट रूप से **''वर्ष 2019 की डायरी की निविदा''** लिखा जाना चाहिए।

2. ऐसे मुद्रक जिनका प्रतिवर्ष कम-से-कम 20 करोड़ रुपये का वार्षिक टर्नओवर हो एवं हार्डकेस डायरी बनाने का कार्य करते हो तथा वर्ष में एक कार्य जिसका आर्डर एक करोड़ चालीस लाख का हो, ही निविदा प्रपत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। निविदाकर्ता के कार्य परिसर में निविदत्त सामग्री के उत्पादन संबंधी समस्त सुविधा एक ही छत के नीचे उपलब्ध होना चाहिए। निविदत्त कार्य का कोई भी भाग उत्पादन संबंधी किसी भी प्रक्रिया के लिये उप-ठेकेदार (मुद्रक/बाईण्डर) को नहीं दिया जावेगा। निविदा में उल्लेखित स्पेसिफिकेशन के अनुसार डायरी तैयार करने हेतु निविदाकर्ता के पास स्वयं का फुली ऑटोमेटिक मेकेनाइज्ड बाईंडिंग यूनिट होना चाहिए।

3. निविदा प्रपत्र दिनांक 20-12-2018 को अपरान्ह 4:00 बजे तक इस कार्यालय से नगद/डी.डी. राशि रुपये 5,000/- जमा करके खरीदा जा सकता है। निविदा प्रपत्र विभाग की वेबसाईट www.govtpress.gov.in पर भी उपलब्ध रहेगा जिसे डाउनलोड करके निविदा प्रपत्र को इस कार्यालय में जमा करने के साथ राशि रुपये 5,000/- का डी.डी. जो नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म. प्र. भोपाल के नाम देय हो तैयार कर लिफाफे में संलग्न करना होगा जो वापस योग्य नहीं होगी। डी.डी. संलग्न नहीं करने/चैक प्रस्तुत करने पर निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।

4. वर्ष 2019 के लिये तकनीकी निविदा फार्म ''क'' में एवं कमर्शियल निविदा फार्म ''ख'' में अलग फार्म में अलग-अलग लिफाफे में उपलब्ध कराना होगी लिफाफा ''क'' के अन्दर तकनीकी निविदा के लिये ''वर्ष 2019 की डायरी की तकनीकी निविदा'' तथा कमर्शियल निविदा के लिए ''वर्ष 2019 की डायरी एवं उनकी कमर्शियल निविदा '' उद्घृत करना होगा। टेण्डर के फार्म ''क'' को भरकर लिफाफे में शर्तों की पूर्ति करते हुए भरना है। फार्म ''क'' के लिफाफा खोलने पर केवल समस्त तकनीकी अर्हता पूर्ति करने वाले सफल निविदाकारों की उपस्थिति में ही कमर्शियल निविदा लिफाफा ''ख '' का टेण्डर खोला जायेगा। कमर्शियल निविदा अलग लिफाफे में रखी जाना चाहिए।

5. निविदा के साथ टेण्डर डिपाजिट रूपये 5,00,000/- (रूपये पाँच लाख) राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी एफ.डी.आर./सी.डी.आर. जो नियंत्रक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश, भोपाल के नाम देय हो जमा करना होगी। निविदा के साथ अर्नेस्टमनी के रूप में चैक स्वीकार नहीं होगा। बिना अर्नेस्टमनी के निविदा अस्वीकार की जावेगी।

6. सफल निविदाकार को करारनामा निष्पादित करना होगा।

7. सफल निविदाकार को प्रतिभूति की राशि के रूप में आदेशित कार्य की 10 प्रतिशत राशि की एफ.डी.आर./सी.डी.आरं. निश्चित समयावधि में जमा करना होगी और करारनामे पर हस्ताक्षर करना होंगे। निश्चित समयावधि में करारनामा हस्ताक्षर नहीं करने पर टेण्डर डिपॉजिट की राशि रूपये 5,00,000/- (रुपये पाँच लाख) राजसात कर ली जावेगी। साथ ही उससे उच्च दर वाले निविदाकार को यह कार्य सौंपे जाने पर जो अन्तर की राशि आवेगी उसकी वसूली सफल निविदाकार से भू-राजस्व के बकाया के तहत् की जावेगी।

8. निविदा प्रस्तुत करने का अर्थ यह होगा कि निविदाकार ने समस्त शर्तें स्वीकार कर ली है। यदि निविदाकार द्वारा निर्णय के बाद अपनी निविदा वापिस ली जाती है तो उसकी जमा अर्नेस्ट मनी राजसात कर ली जावेगी।

9. संबंधित कार्यालयों से पूर्ण मात्रा में सामग्री प्राप्ति की रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश, भोपाल की तकनीकी समिति द्वारा कार्य संतोषजनक पाये जाने पर नियंत्रक कार्यालय द्वारा 80% भुगतान करने संबंधी निर्देश दिये जावेंगे। शेष 20% भुगतान समस्त कार्य पूर्ण हो जाने के पश्चात् किया जावेगा।

10. नियमानुसार आयकर के रूप में निविदाकार के देयक से भुगतान करते समय TDS नियमानुसार काटा जावेगा।

11. निविदा के कामर्शियल भाग में सफल एल-1 निविदाकार का इस कार्यालय में पंजीयन नहीं है तो उस फर्म की निरीक्षण उपरान्त नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म. प्र. भोपाल में विधिवत् पंजीयन कराया जाना अनिवार्य होगा।

12. निविदाकार द्वारा निविदा के साथ पूर्व वर्ष में उनके द्वारा मुद्रित डायरी के तीन नमूने संलग्न करना अनिवार्य है।

13. वेबसाईट www.govtpress.gov.in से डाउन लोड किये गये टेण्डर फार्म जमा करते समय रुपये 5,000/- का डी.डी. जो नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म.प्र. भोपाल के नाम देय हो, संलग्न करना अनिवार्य है। अन्यथा टेण्डर अमान्य कर दिया जावेगा।

14. नियंत्रक के द्वारा मुद्रित कराये जाने वाली डायरियों की संख्या को 15% तक घटाने व बढ़ाने का अधिकार होगा।

15. यदि दोनों पक्षों में कोई विवाद उत्पन्न होता है तो प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग के पास संदर्भित किया जाएगा और वही इस प्रकरण में दोनों पक्षकारों की सहमति से आर्बीट्रेटर रहेंगे तथा उनके द्वारा पारित निर्णय दोनों पक्षकारों को बंधनकारी होगा।

16. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन विभाग की वेबसाइट www.govtpress.gov.in पर रखा जावेगा।

नियंत्रक
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
मध्यप्रदेश, भोपाल।

फार्म—''क''

## तकनीकी निविदा

**लिफाफा ''क'' में बड़े एवं स्पष्ट अक्षरों में अंकित करें ''वर्ष 2019 डायरी की तकनीकी निविदा''**

प्रति,

नियंत्रक,
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
मध्यप्रदेश, भोपाल।

द्वारा :—

. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

**विषय :— वर्ष 2019 की डायरी मुद्रण, बाईंडिंग कर प्रदाय करने बावत्।**

सन्दर्भ :— आपकी निविदा सूचना क्रमांक जी.बी. चार/पेपर(के-11)2018-19-. . . . . ., दिनांक . . . . . . . . .

महोदय,

निविदा सूचना के तारतम्य में मैं वर्ष 2019 की डायरी की तकनीकी निविदा प्रस्तुत कर रहा हूँ। मैं टेण्डर की समस्त शर्तों को मानने के लिये बाध्य रहूंगा और पालन करूंगा।

निविदा संबंधी निम्नलिखित जानकारियां एवं सामग्री उपलब्ध हैं :—

| | | |
|---|---|---|
| 1. | टेण्डर के साथ रूपये 5,00,000/- की टेण्डर डिपॉजिट राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर./सी.डी.आर. जमा है. जिसका क्रमांक . . . . . . . . दिनांक. . . . . . . . है। | हाँ/नहीं |
| 2. | ए/1, ए/2, आकार की दो ऑफसेट शीट फेड फोर कलर मशीन एवं दो वेब मशीन D/C A/1 साईज एवं 4 शीट फेड मशीन D/C का प्रमाण, मेक/मॉडल (मशीन स्वयं के परिसर में ही स्थापित है का घोषणा-पत्र) | हाँ/नहीं |
| 3. | मुद्रक के स्वयं के परिसर में फुली ऑटोमेटिक, मैकेनाईज्ड बाईंडिंग यूनिट एवं हार्ड केस बाईन्डिंग यूनिट में स्थापित मशीनों की सूची का प्रमाण (विवरण संलग्न करें) | हाँ/नहीं |
| 4. | डायरी में गोल्ड गिल्डिंग करने की मशीन एवं उसकी प्रतिदिन क्षमता का प्रमाण-पत्र | हाँ/नहीं |
| 5. | उत्कृष्ट डायरी बनाने के विगत तीन वर्षों के नमूने | हाँ/नहीं |
| 6. | PAN No. तथा आयकर एवं GST गत वर्ष का समोशोधन प्रमाण-पत्र | हाँ/नहीं |
| 7. | रुपये 20 करोड़ सालाना के टर्नओव्हर का घोषणा-पत्र एवं एक करोड़ चालीस लाख रुपये की डायरी बनाने का एक आर्डर की प्रति | हाँ/नहीं |
| 8. | निविदा के स्पेशिफिकेशन के अनुसार डायरी के तीन नमूने | हाँ/नहीं |
| 9. | वेबसाइट से डाउन लोड किये गये टेण्डर फार्म के साथ रुपये 5,000/- का डी.डी. जमा है. जिसका क्रमांक . . . . . . दिनांक . . . . . . . . . . है. | हाँ/नहीं |

निविदाकार के हस्ताक्षर . . . . . . . . . .
पद व पूरा नाम . . . . . . . . . . . . . .
दिनांक एवं सील . . . . . . . . . . . . . . .

# कार्यालय, नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश, भोपाल

## विवरण

वर्ष 2019 के लिये मध्यप्रदेश शासन की डायरी का मुद्रण, बाईंडिंग एवं फिनिशिंग कर प्रदेश के विभिन्न शासकीय केन्द्रीय/क्षेत्रीय मुद्रणालय, भोपाल, ग्वालियर, इन्दौर एवं रीवा में पहुँचाने के लिये राष्ट्रीय स्तर के मुद्रकों से निविदायें आमंत्रित की जाती है।

तैयार की जाने वाली डायरी का विवरण निम्नानुसार है :—

**डायरी :**

| | | |
|---|---|---|
| 1. साईज | — | 17.2 सेमी. × 24 सेमी. (बिना हार्डकेस के)<br>हार्डकेस सहित साईज 18.2 सेमी. ×24.5 सेमी. |
| 2. मात्रा | — | 1,39,000 (एक लाख उन्चालीस हजार नग) |
| 3. पृष्ठ संख्या | — | 240 पेज [120 पन्ने (Leaf)] 70 GSM मैप लिथो सुपर फाईन प्रिंटिंग पेपर (92% ब्राईटनेस) |
| 4. एण्ड पेपर | — | 120 GSM मेप लिथो सुपर फाईन प्रिंटिंग पेपर (92% ब्राईटनेस) पेपर पर मुद्रित होगा।<br>(प्रथम एवं अंतिम End Paper डमी अनुसार चार रंग में मुद्रित होगा) |
| 5. कलर स्कीम | — | डायरी के अन्दर के पृष्ठ सिंगल कलर में मुद्रित होंगे। पृष्ठों की कलर स्कीम उप नियंत्रक प्रेस के द्वारा दी जायेगी। |
| 6. बाईंडिंग | — | हार्डकेस, सेक्शन सिविंग, 2.0 mm मिल बोर्ड, 170 जी.एस.एम. आर्ट कार्ड विथ फोर कलर प्रिन्टिग थर्मल मेट लेमिनेशन पेस्टेड, राऊण्ड बैक, हेड एण्ड टेल बेण्ड, रिबन मार्कर एवं फोरऐज फ्रन्ट एज में गोल्ड गिल्डिंग करना होगा। फ्रंट कवर में म. प्र. शासन का लोगो एवं वर्ष 2019 का गोल्ड लीफिंग लेजर डाई बनाकर करना होगा। |
| 7. पैकिंग | — | 30 डायरी 5 प्लाई कार्ट्न में पैक कर वाटर प्रूफ पैकिंग में प्रदाय करना होगा। |
| 8. हार्डकेस जैकेट का रंग | | डार्क कलर का होगा। (अनुमोदन अनुसार) |
| 9. डिस्पेच शेड्यूल | — | 1. डायरी के अंतिम फारमेट अनुमोदन के उपरान्त चौथे दिन दो हजार डायरी (एडवांस कापी) उप नियंत्रक प्रेस भोपाल को प्रदाय किया जाना अनिवार्य होगा।<br>2. डायरी प्रदायगी का कार्य 30 दिवस के अन्दर पूर्ण करना होगा. (फारमेट Approval की अंतिम तारीख से) अन्यथा अनुबंध की शर्तों के अनुसार शास्ति अधिरोपित की जायेगी.<br>3. डायरी के अन्तिम फारमेट अनुमोदन उपरान्त अगर एडवान्स कापीयां निश्चित समयावधि में चौथे दिन प्राप्त नहीं होगी तो अनुबंध की शर्तों के अनुसार रुपये 50,000 की शास्ति अधिरोपित की जावेगी। |

**टीप.**—पृष्ठ संख्या एवं मुद्रित प्रतियों की संख्या में परिवर्तन का अधिकार नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश, भोपाल के पास सुरक्षित रहेगा.

नियंत्रक,
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
मध्यप्रदेश, भोपाल।

कमर्शियल निविदा ''ख''

**वर्ष 2019 की शासकीय डायरी हेतु**

प्रति,

नियंत्रक,
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
मध्यप्रदेश, भोपाल—462011.

प्रेषक :—

. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

**विषय :—कमर्शियल निविदा 2019 की शासकीय डायरी 18.2 सें.मी.× 24.5 से.मी. ( हार्ड केस सहित ) तैयार करने बावत्।**

**सन्दर्भ :**— आपकी निविदा सूचना क्रमांक जी.बी. चार/पेपर(के-11)2018-19/ . . . . . . . . , दिनांक 1-12-2018

महोदय,

संदर्भित निविदा विवरण के दर्शाये स्पेसीफिकेशन के अन्तर्गत मैं/हम अपनी सामग्री की दरें कमर्शियल निविदा ''ख'' संलग्न है, में अंकित कर प्रस्तुत कर रहे हैं।

आयटम का नाम . . . . . . . . . . . . . . . . . . प्रस्तावित दर रुपए . . . . . . . . . प्रतिनग (समस्त कर सहित)

**पेज संख्या बढ़ने/घटने पर.—**

1. एक रंग में एक तरफ मुद्रण की मैप लिथो सुपर फाईन प्रिंटिंग पेपर 70 GSM (92% Brightness) पेपर सहित दर आकार 17.2 सें.मी. × 24 सें.मी. रु.. . . . . . . .
2. एक रंग में दोनों तरफ मुद्रण की मैप लिथो सुपर फाईन प्रिंटिंग पेपर 70 GSM (92% Brightness) पेपर सहित दर आकार 17.2 सें.मी. × 24 सेमी. रु.. . . . . . . .
3. दो रंग में एक तरफ एवं दोनों तरफ मुद्रण की दर रु.. . . . . . . .
4. चार रंग में एक तरफ एवं दोनों तरफ मुद्रण की दर रु.. . . . . . . .

मैं/हम आपकी निविदा की शर्तें एवं निर्देशों का पालन करेंगे।

भवदीय

निविदाकार के हस्ताक्षर

पद व पूरा नाम . . . . . . . . . . . . . .

दिनांक एवं सील . . . . . . . . . . . . . .